सर्वाइकल स्क्रीनिंग के लिए स्व-संकलन अब एक विकल्प है।

सर्वाइकल कैंसर से खुद को बचाएं।

यह करना आसान है!

Cancer Council SA

यदि आपका सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट होने वाला है, तो अब आप स्वैब के द्वारा अपनी योनि का नमूना खुद ले सकती हैं। स्वैब का परीक्षण ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के लिए किया जाएगा। एचपीवी का पता लगाना सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ आपकी सबसे अच्छी सुरक्षा है।

स्व-संकलन के बारे में अपने जीपी या नर्स से पूछें।

परीक्षण चार सरल चरणों में कैसे करें:

- लाल ढक्कन को मोड़ें और स्वैब को बाहर निकालें।
- स्वैब को देखें और लाल निशान पर ध्यान दें।

- आरामदायक स्थिति में आ जाएं।
- स्वैब को अपनी योनि में लाल निशान तक डालने का लक्ष्य रखें।



- स्वैब को धीरे से एक से तीन बार घुमाएँ।

- स्वैब को निकालें और इसे ट्यूब में वापस रखें।
- इसे अपने जीपी, नर्स या स्वास्थ्य कार्यकर्ता को लौटा दें। दो सप्ताह में अपने परिणामों के लिए क्लिनिक से संपर्क करें।

यदि आपकी उम्र 25-74 वर्ष के बीच है और आप कभी यौन रूप से सक्रिय रही हैं, तो हर पांच साल में सर्वाइकल (ग्रीवा) स्क्रीनिंग टेस्ट कराएं।

स्व-संकलन (सेल्फ कलेक्शन) उतना ही सटीक होता है जितना किसी जीपी या नर्स द्वारा लिया गया नमूना।

आप जीपी क्लिनिक में, आमतौर पर प्राइवेट स्क्रीन के पीछे या बाथरूम में, अपना स्वैब खुद ले सकती हैं।
परीक्षण निःशुल्क, आसान और विश्वसनीय है।

जानकारी और सहायता के लिए
कैंसर काउंसिल को 13 11 20 पर कॉल करें

cancersa.org.au पर जाएं
Hindi | हिन्दी

Cancer Council SA